सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 27 अप्रैल, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन से स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के 'चारधाम साथी' मोबाइल एप्लीकेशन को लांच किया। इस मोबाइल एप का उद्देश्य से चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वास्थ्य जरूरतों की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस मोबाइल एप के द्वारा यात्री नजदीकी विवेकानंद हेल्थ मिशन चिकित्सालय की जानकारी, वहां उपलब्ध सेवाएं, आपातकालीन नम्बर की जानकारी आदि प्राप्त कर सकेंगे। विवेकानंद हेल्थ मिशन द्वारा चारधाम यात्रा स्थानों में यह सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। यह मोबाइल एप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी की सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम में आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा हेतु यह मोबाइल एप बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने इस पहल की सराहना की और कहा कि सोसाइटी द्वारा उत्तराखण्ड में 11 स्थानों पर अपने चिकित्सालय स्थापित किए हैं जो विवेकानंद हेल्थ मिशन के सेवाभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी श्री बद्रीनाथ जी स्थित चिकित्सालय में भ्रमण किया है। अभी तक हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा लाखों मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं जो अपने आप में प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल ने बताया कि चारधामों में तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में आई.सी.यू युक्त चिकित्सालय का संचालन कर रहे हैं। इनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स–रे सुविधाएं एवं फार्मेसी इत्यादि की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देशभर से 60 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चारधाम यात्रा चिकित्सालयों में स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएं देने की सहमति दी है। उन्होंने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में 50 बेड के अस्पताल की कार्यवाही गतिमान है। इस अवसर पर हेल्थ मिशन सोसाइटी के निदेशक ले.कर्न.डॉ. प्रवीन कुमार रेड्डी, डॉ. तारा श्री सिंघल, डॉ.संजय शाह उपस्थित रहे।

...............0.................